मुख्यालय Headquarters

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

Employees' State Insurance Corporation

पंचदीप भवन, सीआइजी मार्ग, दिल्ली 02

Panchdeep Bhawan, CIG Road, New Delhi-110002

संख्या : ए-49/16/1/2018-राभा दिनांक : 16/09/2019

प्रेस प्रकाशनी

कर्मचारी राज्य बीमा निगम मुख्यालय में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय में दिनांक 16/09/19 को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राज कुमार, महानिदेशक ने की और उन्होंने कार्यालय के दैनंदिन काम-काज में सरलहिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए सभी के प्रति हिंदी दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।श्री ए.के.सिन्हा, बीमा आयुक्त ने इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार के संदेश का वाचन किया तथा श्री श्याम कुमार,संयुक्त निदेशक(राजभाषा) ने हिंदी प्रगति रिपोर्ट 2018-19 प्रस्तुत की।

समारोह में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

हिंदी दिवस के अवसर पर महानिदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। महानिदेशक महोदय ने हिंदी दिवस कार्यक्रम आयोजन को विशेषकर समूह गान को सराहा।

सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महानिदेशक महोदय ने हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने का आह्वान करते हुए हिंदी दिवस समारोह में अपना संक्षिप्त वक्तव्य समाप्त किया।

<u>भारत में क.रा.बी.योजना</u>

कर्मचारी राज्य बीमा निगम एक विशिष्ट सामाजिक सुरक्षा संगठन है जो व्यापक सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराती है जिनमें समुचित चिकित्सा देखभाल, आवश्यकता के समय नकद हितलाभों जैसे - रोजगार चोट, बीमारी, मृत्यु आदि हैं। क.रा.बी.अधिनियम परिसरों/प्रसीमाओं के भीतर जहां 10 या अधिक कर्मचारी व्याप्त हैं, उनपर लागू होता है। 21000/- रुपये प्रतिमाह तक का वेतन पाने वाले कर्मचारी क.रा.बी.अधिनियम के तहत स्वास्थ्य बीमा व्याप्ति और अन्य हितलाभों के पात्र हैं। यह अधिनियम अब 10.33 लाख कारखानों और स्थापनाओं पर देशभर में लागू है जिनमें कामगारों की 3.43 करोड़ परिवार इकाइयां हैं। अब तक क.रा.बी.हितलाभार्थियों की कुल संख्या 13.32 करोड़ से ऊपर है। अपने प्रारंभ 1952 ई. से क.रा.बी.निगम अब तक 152 अस्पताल, 1489/ 174 औषधालय/आईएसएम इकाइयां, 815 शाखा/भुगतान कार्यालय और 63 क्षेत्रीय और उप क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित कर चुका है।

****